## सार-समाचार

### झोपड़ियों में लगी आग पर काबू पाया



**कोटा,** (निसं)। गर्मी की शुरूआत होते ही आगजनी की घटना बढ़ने लगी है। शहर के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में सड़क किनारे बनी मजदूरों की झोपड़ियों में आग लग गई। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। आग की छह-छह फीट ऊंची लपटें दिखाई देने लगी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पाते ही अग्निशमन विभाग की दमकलें मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया तब तक एक दर्जन झोपड़ियां और उनमें रखा समान जलकर राख हो गया। गनीमत रही दोपहर का समय होने के कारण टापरियों में मजदूर नहीं थे। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में कुछ मजदूरों ने झोपड़ियां बना रखी है। बुधवार दोपहर के समय झोपड़ियों में आग की सूचना मिली जिस पर मौके पर दमकलें भेजी गई। उन्होंने बताया कि आग की चपेट में आने से 10-12 झोपड़ियां जल गई। झोपड़ियां खाली होने से कोई जनहानि नहीं हुई।

### पुलिस स्थापना दिवस समारोह सपन्न

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय पुलिस स्थापना दिवस समारोह बुधवार को प्रात:पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. अमृता दुहन रहीं। इस अवसर पर सेरेमोनियल परेड प्रदर्शन किया गया एवं सराहनीय सेवा के लिए 104 पुलिसकर्मियों को उत्तम सेवा पदक प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक शहर डॉ.अमृता दुहन ने परेड की सलामी ली व निरीक्षण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन के विश्वास और अपेक्षाओं पर खरा उतरने के साथ ही आदर्श पुलिस की परिकल्पना को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने पुलिस द्वारा श्रेष्ठ कर्तव्य निर्वहन एवं उत्कृष्ट कार्यो के लिए उनका मनोबल बढ़ाया। साथ ही, भविष्य की चुनौतियों के लिए और भी प्रतिबद्धता के साथ तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने सम्मानित हुए पुलिस कर्मियों को शुभकामनाएं दी और उनका मनोबल बढ़ाया। परेड में कोटा शहर द्वितीय बटालियन आरएसी एवं कोटा व कोटा ग्रामीण की महिला प्लाटून ने भाग लिया। परेड का नेतृत्व उपनिरीक्षक दुर्गाशंकर ने किया। पुलिस दिवस के उपलक्ष में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 141 यूनिट ब्लड संग्रहण हुआ। पुलिस परेड ग्राउंड परिसर में पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों ने पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर सभी एडिशनल एसपी, थाना अधिकारी, एसओजी, एटीएस, सीआईडी सी बी सहित सभी प्रकोष्ठों के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोपाल सोनी ने किया।

### टीम जीवनदाता द्वारा भीषण गर्मी में भी मदद का सिलसिला जारी

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवनदाता द्वारा लोगों को भीषण गर्मी में भी रक्तदान एवं एसडीपी के माध्यम से उनकी सेवा का क्रम निरंतर जारी है। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि कोटा एक निजी अस्पताल में भर्ती गुना मध्यप्रदेश के एक मरीज गिर्राज की प्लेटलेट महज 10 हजार रह गई थी। परिजन एबी पॉजिटिव ग्रुप की एसडीपी लिए परेशान हो रहे थे, ऐसे में उनके रिश्तेदार हेमंत प्रजापत को टीम जीवनदाता के कांटेक्ट नंबर कहीं से मिला। टीम जीवन दाता से संपर्क किया, भुवनेश गुप्ता ने उनके संपर्क में काफी लोगों को कॉल किया। अंत में किराना व्यवसायी रोहित गोयल को कॉल किया तो वह अपनी दुकान पर बैठे थे, दोपहर का समय था, उस समय दुकान पर कोई सहयोगी भी नहीं था, लेकिन जब मरीज की स्थिति गंभीर बताई गई तो वह दुकान मंगल कर सीधे ही अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंच गए। उन्होंने 30वीं बार एसडीपी डोनेट की है, जबकि वह 17 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। रोहित गोयल का कहना है कि जीवन से बड़ा कुछ नहीं है, ऐसे में मदद करना ही सर्वोपरि है, किसी के जीवन में जीवन बचाने के काम आए तो इससे बड़ा पुण्यकार्य नहीं हो सकता।

### मंदिर से चोरों ने आभूषण चुराए

**भवानीमंडी,** (निसं)। प्राचीन अन्नपूर्णा माता मंदिर में चोरों ने करीब आधा किलो चांदी के मुकुट और छत्र चोरी कर लिए। यहां तक कि चोरों ने सोने के आभूषण के चक्कर में नकली आभूषण भी नहीं छोड़े। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हो गयी है। मंदिर में चोरी को लेकर ग्रामवासियों में रोष है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भवानीमंडी सर्किल के मिश्ररौली कस्बे में स्थित अन्नपूर्णा माता मंदिर को अज्ञात चोरों ने बीती रात को अपना निशाना बनाते हुए मंदिर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और वहां माता की प्रतिमा के यहां लगे चांदी के मुकुट और छत्र सहित करीब आधा किलो चांदी के आभूषण चुरा कर फरार हो गए। सुबह पुलिस को जानकारी मिलने के बाद वहाँ पुलिस उपअधीक्षक प्रेमकुमार चौधरी पहुंचे और मामले की जाँच कर चोरों की तलाश के लिए टीम गठित की है। गौरतलब है की यह झालावाड़ जिले का सबसे प्राचीन मंदिर से जहाँ क्षेत्र के लोगों में माता के प्रति खूब आस्था है।

### राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया

**कोटा,** (निसं)। रामपुरा कन्या महाविद्यालय कोटा की छात्राओं द्वारा उनके प्रिंसिपल पर लगाएं गए उत्पीड़न के आरोपों को लेकर कोटा के कांग्रेसजनों ने प्रिंसिपल को पद से हटाने और मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। कांग्रेस जन जिला कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय भान सिंह शक्तावत और सचिव राजू पहाड़िया ने ज्ञापन देकर कहा कि 7 अप्रैल को महाविद्यालय की छात्राओं में शिक्षा निदेशक को प्रिंसिपल के खिलाफ मय सबूत शिकायत दर्ज कराई थी पर आज तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई मामले की संवेदनशीलता तो देखते हुए कांग्रेसजनों ने आवाज उठाई है। राज्यपाल से मांग की हैं, कि प्रिंसिपल को पद से हटाकर महिला आयोग पुलिस प्रशासन और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मिलकर इस मामले की जांच करें और प्रिंसिपल को गिरफ्तार करें।

### छबड़ा में केट वूमेन विंग का शुभारंभ

**छबड़ा** (निसं)। बारां, कोटा, उदयपुर प्रभारी सुमन गोयल ने पांच सदस्यीय टीम के साथ छबडा पहुंचकर विधिवत् केट बिजनेस वूमेन विंग का शुभारंभ किया। यहां सर्वसम्मति से छबड़ा-छीपाबडौद अध्यक्ष अनामिका जैन को बनाया गया। कार्यक्रम में बारां से आई सुमन गोयल, ललिता टोंगया, अनिता सेठी, चंदा ठाकुरिया, बारां कोषाध्यक्ष चारु गुप्ता ने नव निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत-सम्मान किया। यहां उर्मिला मित्तल, विश्वा सोनी, नीति सोनी, मिही नामदेव, पूजा शर्मा, तनिशा षर्मा, षिल्पी षर्मा, अंतिमा षर्मा, रीती सोनी सहित अन्य सदस्यों ने संस्था की सदस्यता ग्रहण करने पर हर्ष व्यक्त किया। आगामी बैठक में छबड़ा की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**झालावाड़** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए अप्रैल माह के तृतीय गुरूवार 17 अप्रैल को प्रात: 11 बजे मिनी सचिवालय स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी रूम में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिसमें परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल के लम्बित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की जाएगी।

### बाइक चोरी हुई

**छबड़ा** (निसं)। बाईक चोरी का क्रम थमने का नाम नही ले रहा हैं। तीन दिन पूर्व मोती कॉलोनी से बाईक चोरी हो गई। राकेश कुमार सोनी ने बताया कि तीन दिन पूर्व मोती कॉलोनी स्थित घर के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। जिसकी उन्होंने तलाश भी की, किंतु कहीं नही मिली। उन्होंने थाने मे प्रकरण दर्ज करवा दिया हैं।

# गलतियों से सबक लें और आगे बढ़ें, सफलता जरूर मिलेगी : डॉ. रविन्द्र गोस्वामी

**कोटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि गलती करने से डरो मत। गलती सबसे हो सकती है लेकिन आप अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे बढ़ते है तो सफलता जरूर मिलती है। डॉ. गोस्वामी बुधवार दोपहर मोशन एजुकेशन के द्रोणा-2 कैम्पस में कोचिंग विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्टूडेंट्स के साथ अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव बांटे। हंसी-मजाक की, उनकी बात सुनी और सवालों के जवाब दिए। जिला कलेक्टर ने कहा

■ **जिला कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स को दिए कामयाबी के गुर**



कोटा जिला कलेक्टर ने कोचिंग स्टूडेन्टस से संवाद किया।

कि आप कोटा में पढ़ने आए हैं। इसलिए रोज पढ़ो और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहो। सलेक्शन जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा-जीवन में जो करों दिल से करों। भले ही मन का ना हो पर पक्का है, आपके लिए जो होगा, सबसे बेहतर ही होगा।

**पढ़ाई के लिए समय कैसे तय करें:**-याद रखें, हमें कुछ समय पढ़ाई करना बहुत अच्छा लगता है। उसके बाद एवरेज और फिर बोरिंग। जिस समय पढ़ना सबसे अच्छा लगता है, उसमें सबसे टफ सब्जेक्ट पढ़ें। तीनों सब्जेक्ट रोज पढ़ें। हर सवाल को एनालाइज करने की कोशिश करें। सवाल क्या हैं, किस टॉपिक से लिया गया है... दरअसल हर सवाल कुछ सिखाता है, तो क्या सिखा रहा है, यह देखें। लास्ट मिनिट रिवीजन के लिए छोटे नोट्स बनाएं। 5-10 पन्नों के हो सकते हैं। परीक्षा के समय यह बहुत उपयोगी साबित होंगे।

**पढ़ाई के लिए शौक खत्म ना करें:**-इस सवाल पर डॉ.गोस्वामी ने कहा कि शौक रहना जरूरी है। यदि खेलना अच्छा लगता है तो कुछ समय उसके लिए निकालें। पेंटिंग, मूवीज, लिखना जो भी शौक हो, उसे साथ-साथ रखें।

**मोबाइल का लिमिटेड उपयोग ही करें:**-इस सवाल पर डॉ.गोस्वामी ने कहा कि यह समस्या बहुत बड़ी है। हम मोबाईल बहुत देर तक देख लेते हैं और जब छोड़ते हैं तो फीलिंग ऑफ डिसअपॉइंटमेंट आती है, इसलिए लिमिटेड उपयोग करना शुरू करें। मोबाईल ही नहीं हर आदत पर कंट्रोल करना आना चाहिऐं।

**पढ़े को ऐसे याद रखें:**-एक छात्र ने कलेक्टर से कहा कि उसे पढ़ाई के बाद भी आत्मविश्वास नहीं आ पाता और अपनी तैयारी पर शंका बनी रहती है। इस पर कलेक्टर ने जवाब में कहा कि तैयारियों पर शंका होना सामान्य है। इसमें घबराने की आवश्यकता नहीं है। पढ़े को याद रखने के सवाल पर कलेक्टर ने जवाब दिया-लिख-लिखकर पढ़ाई करें, खूब प्रेक्टिस करो, रिवीजन करों, कुछ नहीं भूलोगे।

**टेस्ट जरूर दें:**-जिला कलेक्टर गोस्वामी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों की अपनी क्षमता है, लेकिन जो टॉपिक आपको मुश्किल लगता है उसके टेस्ट जरूर दें, ताकि गलतियों से सीखा जा सके।

### अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार

**भवानीमंडी,** (निसं)। अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस थाना भवानीमंडी ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 1 किलो 920 ग्राम गांजा जप्त कर आरोपी इकबाल को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ तस्करी एवं अवैध हथियारों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जिले में थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इन्ही निर्देशों की पालना में पुलिस थाना अधिकारी रमेशचंद मीणा ने भवानीमंडी टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये दौराने नाकाबंदी अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हुये आरोपी इकबाल को गिरफतार कर आरोपी के कब्जे से 1 किलो 920 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

## किसानों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाने की मांग

**कोटा,** (निसं)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश नायक रघुवंशी की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने कोटा मंडी में अनाज बेचने आए किसान रामप्रसाद धाकड़ से रायपुरा चौराहे पर हुई मारपीट के विरोध और हमलावरों की गिरफ्तारी के साथ किसानों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनाती की मांग को लेकर एडीएम कृष्णा शुक्ला को ज्ञापन सौंपा।

नायक ने बताया कि भारत में किसान को अन्नदाता धरतीपुत्र देवता माना जाता है और पुलिस की लापरवाही के कारण बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था से अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके है कि वो भरे बाजार या पुलिस की उपस्थिति वाले चौराहों पर भी आपराधिक वारदातों को अंजाम देते हुए किसानों से मारपीट कर रहे है साथ ही रायपुरा चौराहे पर पुलिस सिर्फ चालान काटने के नाम पर राहगीरों से पैसे की वसूली में लगी रहती है और जाम खुलाने के नाम पर नागरिकों से अभद्र व्यवहार करती है परन्तु पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण पर कोई ध्यान नहीं है इसी कारण बारां के गुलाबपुरा से कोटा मंडी में अपनी उपज बेचने आए किसान रामप्रसाद नागर के साथ समाज कंटको ने जानलेवा मारपीट की और पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

समाजसेवी अरविंद यादव और भाजपा नेता घनश्याम ओझा ने बताया कि पुलिस अपराधियों से मिलीभगत करके आमजन में भय और अपराधियों में विश्वास की परिपाटी पर चल रही है। हाल ही में अहिंसा सर्किल पर हुए हत्याकांड के आरोपी पकड़ में भी नहीं आऐं किसान के साथ हुई मारपीट के हमलावरों का गिरफ्तार नहीं होना पुलिस की नाकामी और अपराधियों से सांठ-गांठ को दर्शाता हैं, इसीलिए ज्ञापन के माध्यम से किसान रामप्रसाद के हमलावरों की तुरन्त गिरफ्तारी के साथ-साथ मंडी में आने वाले किसानों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाने की मांग की गई। इस अवसर पर युवा नेता राहुल मीणा, नरेंद्र पुरी, धवन दवाला, जितेंद्र कश्यप, सतीश गोचर, लालचंद नायक, नवीन खत्री, सुनील शर्मा, विक्की नायक, लोकेश गुप्ता, मोनू पांचाल आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस स्थापना दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान व पौधारोपण किया

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय पुलिस स्थापना दिवस समारोह का आयोजन बुधवार को पुलिस लाईन में आयोजित किया गया। पुलिस स्थापना दिवस समारोह के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये गये।

■ **105 पुलिस जवानों का सम्मान हुआ**

पुलिस अधिकारियों व जवानों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया और पुलिस लाईन में अधिकारियों व जवानों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर शहर पुलिस लाईन में सेरेमोनियल परेड़ का आयोजन किया गया। जिसमें कोटा शहर की एक प्लाटून, एक प्लाटून द्वितीय बटालियन आरएसी एवं कोटा ग्रामीण की एक महिला प्लाटून सहित कुल तीन प्लाटून ने परेड़ में भाग लिया। परेड़ का नेतृत्व पुलिस लाईन के उपनिरीक्षक दुर्गाशंकर द्वारा किया गया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने परेड़ की सलामी ली व निरीक्षण किया। इस दौरान उत्तम सेवा के लिये शहर के 105 पुलिसकर्मीयों को सेवा पदक व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में शहर एसपी, एएसपी, पुलिस उपअधीक्षक एवं थानाधिकारी सहित जिले भर के पुलिस अधिकारी व पुलिस जवान मौजूद रहे।

इस अवसर पर शहर एसपी अमृता दुहन सहित पुलिस अधिकारियों व जवानों द्वारा 141 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किया गया साथ ही पुलिस लाईन में पौधारोपण किया गया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने पुलिस जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा व्यवहार शालीन एवं निष्पक्ष हो। आम नागरिकों के मन में पुलिस व कानून के प्रति विश्वास पैदा करें और असमाजिक तत्वों व अपराधियों के मन में कानून का भय पैदा करें।

**ग्रामीण पुलिस लाईन में हुआ आयोजन:**- वहीं राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा ने रक्तदान किया एवं ग्रामीण पुलिस लाईन में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर कोटा ग्रामीण पुलिस द्वारा क्विज प्रतियोगिता रखी गई थी जिसके विजेताओं को ग्रामीण एएसपी ने पुरूस्कार देकर सम्मानित किया।

### चाकूबाजी की घटना में वांछित चार आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। सुलतानपुर थाने में दर्ज चाकूबाजी के प्रकरण मे पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए वांछित चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, पुलिस टीम पूर्व में इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

कोटा ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा ने बताया कि 7 अप्रैल को सुलतानपुर थाना इलाके में फरियादी सतीश कुमार पर हुई चाकूबाजी के मामले में सुल्तानपुर थानाधिकारी सत्यनारायण मालव के नेतृत्व में गठित टीम ने वांछित चल रहे आरोपी सरफराज उर्फ टन्नू, मोहम्मद साहिल, साबिर तीनों हाडा मार्केट सुलतानपुर के निवासी है एवं एक अन्य गिरफ्तार आरोपी ओडपुरा बस्ती थाना कोतवाली जिला बांरा निवासी शाहिल है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## जिला कलेक्टर ने शहर में संचालित विकास कार्यों का जायजा लिया

**बूंदी** (निसं)। बूंदी शहर में चल रहे सीवरेज कार्य, जैतसागर नाला निर्माण, खेल संकुल में मल्टीपरपज हॉल एवं अन्य विकास कार्यों का बुधवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने जायजा लिया और कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।



बूंदी शहर में चल रहे सीवरेज कार्य, जैतसागर नाला निर्माण, खेल संकुल में मल्टीपरपज हॉल एवं अन्य विकास कार्यों का जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने जायजा लिया।

जिला कलेक्टर ने खेल संकुल में तरणताल का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि यहां तैराकी के लिए कोच की व्यवस्था की जावें। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि पानी की टंकियों से पानी का ओवरफ्लो नहीं हो। उन्होंने चित्तौड रोड क्षेत्र में किए जा रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण कर अब तक किए गए कनेक्शन के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिए कि सीवरेज कार्य के बाद सड़कों की मरम्मत का कार्य गुणवत्ता के साथ किया जावें। साथ ही कार्य को पूरा करने में समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जावें।

उन्होंने नवल सागर झील पर पर्यटन विकास के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि यहां लाइट और साउंड शो के लिए नगर परिषद के माध्यम से बिजली कनेक्शन शीघ्र करवाया जावें। इसके अलावा झील के किनारों तथा झील के पानी को साफ करवाया जावें।

इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में करवाए जा रहे मेडीकल कॉलेज के भवन निर्माण कार्य का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने के लिए निर्देश दिए।

**महावीर कॉलोनी व मजिस्ट्रेट कॉलोनी क्षेत्र में श्रमिकों की टीमें बढ़ाएं:**- जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान जैतसागर नाला निर्माण कार्य की प्रगति देखी। उन्होंने महावीर कॉलोनी व मजिस्ट्रेट कॉलोनी में नाला निर्माण की गति बढाने के लिए और अधिक टीमें लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि बारिश के दौरान आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। इसके अलावा जेसीबी और ट्रेक्टरों की संख्या में भी इजाफा किया जाए, ताकि नाला निर्माण के दौरान हटाए गए कचरे को शीघ्र उठवाया जा सकें। इसके बाद जिला कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर भी नाला निर्माण कार्य का जायजा लिया।

## सार-समाचार

### अनूठे डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक कार्यालय में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात के मार्गदर्शन में भारतीय रेल के स्थापना दिवस के अवसर पर अनूठे डाक टिकटों की एक खास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में डाक टिकट संग्रहकर्ता अरविन्द मलिक द्वारा सन् 1853 से अभी तक के भारतीय रेल से संबंधित डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई गई। यह आयोजन मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) एसडी पाटीदार के निर्देशन एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) अजय कुमार दीक्षित के संरक्षण में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (मुख्यालय) द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में भारतीय रेल द्वारा अर्जित विशेष उपलब्धियों के अवसर पर जारी डाक टिकटों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। इनमें पहली यात्री रेल, विद्युतकर्षण के 75 गौरवपूर्ण वर्ष, भारतीय रेल के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जारी डाक टिकट प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अवलोकन किया।

### नरेन्द्र सिंघल एन.ओ.बी.डब्ल्यू की अखिल भारतीय कार्यकारिणी में चयनित

**कोटा,** (निसं)। देव भूमि वृंदावन में एन.ओ.बी.डब्ल्यू. का 21वां त्रैवार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ डॉ.संजीव कृष्ण ठाकुर एवं साधवी रितम्भरा की शिष्या साधवी समाहिता के आर्शीवचन से हुआ। सम्मेलन में देशभर से आए हुए नेशनल ऑर्गेनाईजेशन ऑफ बैंक वर्कस के बैंककर्मियों द्वारा विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श एवं मंथन किया गया। सम्मेलन के अंत में नई कार्यकारिणी का चयन किया गया जिसमें राजस्थान प्रदेश से अखिल भारतीय स्तर पर केंद्रीय कार्यकारिणी में नरेंद्र सिंघल, पंजाब नेशनल बैंक, कोटा को कार्यसमिति सदस्य चुना गया। नरेन्द्र सिंघल वर्तमान में एन.ओ.बी.डब्ल्यू से सम्बद्ध पंजाब नेशनल बैंक वर्कस ऑर्गेनाईजेशन राजस्थान के महासचिव है।



### कपड़ा व्यापार संघ के चुनाव संपन्न

**कोटा,** (निसं)। इंद्रा मार्केट कपड़ा व्यापार संघ के चुनाव बुधवार को सम्पन हुए, जिसमें राजकुमार पेशवानी अध्यक्ष एवं रूपनारायण श्रृंगी सचिव पद पर चुने गए साथ ही कैबिनेट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हीरानंद सुखवानी, उपाध्यक्ष इमरान अली, कोषाध्यक्षा ओम प्रकाश गुलिया एवं सह सचिव पद पर निसार अहमद निर्वाचित घोषित किए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट देवेन्द्र वर्मा एवं सह-चुनाव अधिकारियों द्वारा इंद्रा मार्केट के निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए गए।


**कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (राज0)**
email : nnkota@gmail.com, websites : www.kotamc.org
क्रमांक :- ननिको(उ)/निर्माण/2025/2946-60 दिनांक :- 09/04/2025
**ई-निविदा सूचना**
नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा विभिन्न राजकीय अभियांत्रिकी विभागों के पंजीकृत "A", "AA" श्रेणी एंव नगर निगम कोटा उत्तर में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा कुल 02 कार्य हेतु ई-निविदा सूचना संख्या-03/2025-26 से सम्बन्धित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत,निविदा बैचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण सम्पूर्ण विवरण नगर निगम कोटा उत्तर की वेबसाइट www.kotamc.org, http/eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
NIB No. DLB2526A0347,
UBN No. : DLB2526WSOB01427, DLB2526WSOB01428
अधिशाषी अभियन्ता नगर निगम कोटा-उत्तर
राज.संवाद/सी/25/786

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**
क्रमांक: LU2012/KOT/2025-26/100932 **लोक सूचना** दि.16.04.2025
श्री VINEET BAKHSHI पुत्र श्री V.P. BAKHSHI जाति BAKHSHI निवासी 131, DASHERA MEDAN, KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **अन्य संस्थानिक** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | देवली अरब, लाडपुरा (कोटा) | GOVINDRAM MEMORIAL EDUCATION SOCIETY | 125 | 1400 | 0.14 |
| 2. | देवली अरब, लाडपुरा (कोटा) | GOVINDRAM MEMORIAL EDUCATION SOCIETY | 126 | 4000 | 0.4 |
| 3. | देवली अरब, लाडपुरा (कोटा) | GOVINDRAM MEMORIAL EDUCATION SOCIETY | 127 | 4500 | 0.45 |
| | | | | कुल | 0.99 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 16/4/2025 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

**कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान**
क्रमांक:-ननिको-द./उपायुक्त जोन द्वितीय/भ.नि.अनु./2025/667-68 दिनांक: 16.4.25
**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरिता सिंघल पत्नी स्व. श्री धीरज कुमार निवासी बी-10 फ्लैट नं. एल-1239 वृन्दा गार्डन्स जेएनयू के पास जगतपुरा जयपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या एम.पी.बी. 58 महावीर नगर प्रथम योजना कोटा क्षेत्रफल 2532.68 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का आवेदन किया है। भूखंड संख्या एम.पी.बी. 58 महावीर नगर प्रथम योजना कोटा क्षेत्रफल 2532.68 वर्गफुट का कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा आदेश क्रमांक 38578 दिनांक 05.12.2022 को श्री धीरज गुप्ता पुत्र श्री सुशील कुमार गुप्ता एवं श्रीमती सरिता सिंघल पत्नी श्री धीरज गुप्ता के पक्ष में किया गया है। श्री धीरज गुप्ता की मृत्यु दिनांक 01.06.2023 को हो जाने के उपरांत उनके विधिक वारिसान 1. सुश्री अन्वेशा गुप्ता 2. सुश्री अनन्या गुप्ता द्वारा पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 05.07.2024 से उक्त भूखंड में निहित स्वयं के हिस्से का हक आवेदक श्रीमती सरिता सिंघल के पक्ष में त्याग दिया गया है। उक्त भूखंड संख्या एम.पी.बी. 58 महावीर नगर प्रथम कोटा का नामांतरण चाहा गया है। उक्त भूखंड संख्या एम.पी.बी. 58 महावीर नगर प्रथम कोटा आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।
उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त द्वितीय कक्ष में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।
**उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/665 **विज्ञप्ति** दिनांक:- 22.01.2025
नगर विकास न्यास कोटा की योजना केशवपुरा-7 व्यावसायिक प्लेटफार्म संख्या 37 को आवंटन/ न्यास के पत्र क्रमांक 137 दिनांक 20.12.1996 को श्री महावीर गोस्वामी पुत्र श्री बंकर बिहारी गोस्वामी को आवंटन किया गया था। उक्त प्लेटफार्म का मुख्तारनामा दिनांक 05.03.2009 को श्री रामचरण प्रजापत पुत्र श्री प्रभूलाल प्रजापत के नाम किया गया था मुख्तारनामे के आधार पर दिनांक 21.08.2023 को श्री रामचरण प्रजापत द्वारा विक्रय स्वीकृति आवेदन के पश्चात आवंटी श्री महावीर गोस्वामी एवं श्री रामचरण प्रजापत के द्वारा दिनांक 27.04.2024 को मुख्तारनामा निरस्तीकरण निष्पादित कर प्राधिकरण में प्रस्तुत किया गया। आवंटी श्री महावीर गोस्वामी पुत्र श्री बंकर बिहारी गोस्वामी द्वारा स्वयं के नाम विक्रय स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।
अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि इस विक्रय स्वीकृति में किसी को कोई एतराज या आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त प्लेटफार्म संख्या 37 योजना केशवपुरा-7 व्यावसायिक की विक्रय स्वीकृति श्री महावीर गोस्वामी पुत्र श्री बंकर बिहारी गोस्वामी के नाम जारी कर दी जायेगी।
**उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक:-एफ11/ विक्रय/2025/1454 दिनांक:-7.4.25
**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**
नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना श्रीरामकृष्णपुरम-बी व्यावसायिक भूखंड संख्या 135-एन का आवंटन पत्र क्रमांक 375 दिनांक 09.01.2023 को श्री गुलशन कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार के नाम आवंटन किया गया था। श्री गुलशन कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार की मृत्यु दिनांक 20.04.2023 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री गुलशन कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्रीमती लता देवी पत्नी स्व. श्री सुरेश कुमार द्वारा उक्त भूखंड संख्या 135-एन श्रीरामकृष्णपुरम-बी व्यावसायिक अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।
अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 135-एन योजना श्रीरामकृष्णपुरम-बी व्यावसायिक का नाम हस्तान्तरण श्रीमती लता देवी पत्नी स्व. श्री सुरेश कुमार के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा**

**कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर ( राज. )**
क्रमांक:-ननिको/को.उ./राजस्व/2025/35-36 दिनांक:-16.4.2025
**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**
सर्व साधारण को जर्ये आम सूचित किया जाता है कि श्री घनश्याम पारेता पुत्र श्री गोपीलाल पारेता निवासी फ्लेट नं. 1302 पार्क न्यू रजत सिटी श्रीनाथपुरम इंजीनियरिंग कालेज कोटा द्वारा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार तुलुम्ब हॉटल प्लाट नं. 668, 211 नयाखेड़ा तहसील लाडपुरा कोटा की अनुमति चाही गई है।
इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा उत्तर के ब्लॉक सी के द्वितीय तल के कमरा नं. 307 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त उपविधि के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।
**उपायुक्त नगर निगम कोटा ( उत्तर )**